Website: www.prsuniv.ac.in Email ID- registrar@prsuniv.ac.in

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ0प्र0
Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

पत्रांक : प्रोरासिविवि/कुसका/2026– 3389 दिनांक 23/06/2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज।

विषय : दिनांक 05.06.2026 को महाविद्यालय द्वारा लगाए गए एक पेड़ माँ के नाम की सूचना उपलब्ध कराए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि वृक्षारोपण वर्ष 2026 के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार दिनांक 05.06.2026 को समस्त महाविद्यालयों में एक पेड़ माँ के नाम की पहल की गयी थी जिसमें समस्त महाविद्यालयों के शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र–छात्राओं द्वारा एक पेड़ माँ के नाम लगाए जाने थे।

समस्त महाविद्यालयों द्वारा उक्त कार्यक्रम की सूचना निम्नानुसार तालिका को अपने महाविद्यालय के लेटर पैड पर विश्वविद्यालय की ई–मेल registrar@prsuniv.ac.in पर उपलब्ध कराया जाना है।

दिनांक 05.06.2026 को एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम की सूचना	
महाविद्यालय का नाम	
महाविद्यालय कोड	
शिक्षकों द्वारा रोपित किए गए कुल पौधों की संख्या	
शिक्षणेत्तर कर्मचारियों द्वारा रोपित किए गए कुल पौधों की संख्या	
छात्र–छात्राओं द्वारा रोपित किए गए कुल पौधों की संख्या	
कुल रोपित किए गए पौधों की संख्या	

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त सूचना अपने लेटर पैड पर दिनांक 24.06.2026 की सायं 04.00 बजे तक विश्वविद्यालय की ई–मेल registrar@prsuniv.ac.in पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

प्रो0 (विनीता यादव)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक : उपरोक्त।

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. माननीय कुलपति जी।
2. प्रभारी एजेन्सी को इस निर्देश से प्रेषित कि उक्त पत्र को बी0एड0 पाठ्यक्रम संचालित समस्त महाविद्यालयों की कालेज लॉग–इन पर आज ही अपलोड करना सुनिश्चित करें।
3. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner